## लापरवाही ने बुझाया घर का चिराग: निगम कर्मचारी की दर्दनाक मौत

- एयरपोर्ट क्षेत्र में मेट्रो निर्माण स्थल से निकले सरिये से टकराया
- निगम का अस्थाई कर्मचारी था, इलाज के दौरान तोड़ा दम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं. नगर निगम वर्कशॉप में कार्यरत अस्थायी कर्मचारी मनोज चंदेल की देर रात हादसे में मौत हो गई. वह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में मेट्रो साइट से बाहर निकले लोहे के सरिए से टकराकर गंभीर घायल हो गए.**

पुलिस ने बताया कि हादसा एयरपोर्ट क्षेत्र में हुआ. टक्कर में मनोज को गंभीर चोट आई, बावजूद इसके वह कुछ देर तक होश में रहे और उठकर बैठ भी गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि मनोज की ड्यूटी शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक थी. ड्यूटी पूरी कर वह वाहन खड़ा कर अपने घर जंबूड़ी गांव लौट रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि मेट्रो निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है. बाहर निकले सरिए और अव्यवस्थाएं हादसे की वजह बनीं. लोगों का कहना है कि रात में मौके पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे, हालांकि सुबह होते-होते वहां व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गईं. घटना के बाद जिम्मेदार एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं.



## लोकायुक्त की जांच में 14 रजिस्ट्रियां जब्त, बेटों, पत्नी और बहू के नाम संपत्तियों का खुलासा

- महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक के ठिकानों पर छापे का मामला





नव भारत न्यूज

इंदौर. आय से अधिक संपत्ति के मामले में घिरे महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मीनारायण कंडवाल की मुश्किलें जांच के साथ लगातार बढ़ती जा रही हैं. लोकायुक्त की कार्रवाई के दूसरे दिन जांच में कई नई जानकारियां सामने आई हैं.

जांच के दौरान कंडवाल के घर से 14 जमीनों की रजिस्ट्रियां जब्त की गई हैं. इनमें अधिकांश संपत्तियां उनके दोनों बेटे अभिषेक और पवन के नाम पर पाई गई हैं. साथ ही पीथमपुर और धार जिले में बड़े पैमाने पर कृषि भूमि खरीदे जाने का खुलासा हुआ है. लोकायुक्त के निरीक्षक एवं जांच अधिकारी आशुतोष मिठास ने बताया कि कंडवाल की पत्नी और बहू के नाम पर भी जमीनें मिली हैं. अभिषेक की पत्नी के नाम करीब 3 एकड़ कृषि भूमि होने की पुष्टि हुई है. इसके अलावा कुछ रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति होने की भी जांच की जा रही है. इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए कंडवाल को पद से हटाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया है. लोकायुक्त टीम पूरे संपत्ति रिकॉर्ड की जांच कर रही है और आय-व्यय का मिलान किया जा रहा है.

## सड़क हादसे और करंट से एक ही दिन में चार मौत

- राऊ गोल चौराहे पर छात्र की मौत
- शहर में तीन अन्य हादसों में भी गई जान

इंदौर. शहर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हुई अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई. इनमें राऊ गोल चौराहे पर हुए सड़क हादसे में एक छात्र की जान चली गई, जबकि शहर में अन्य तीन लोग अलग-अलग हादसों का शिकार हुए.

राऊ गोल चौराहे पर देर रात आईपीएस कॉलेज के छात्र हर्षित सोलंकी निवासी सुवासरा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. गंभीर हालत में हर्षित को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. हर्षित इंदौर में शिव सिटी में रहकर एमसीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था. इस चौराहे पर फ्लाईओवर बनने के बाद भी हादसे नहीं रुक रहे हैं और यह इलाका लगातार एक्सीडेंट जोन बना हुआ है.

इधर, शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो अन्य सड़क हादसों में भी दो लोगों की जान चली गई. लसूड़िया क्षेत्र के स्कीम नंबर 140 आईडीए मल्टी निवासी 55 वर्षीय अशोक की एसआर कंपाउंड में दुर्घटना में मौत हो गई. वहीं सत्यसांई चौराहे के पास रवींद्र नामक व्यक्ति भी सड़क हादसे का शिकार हो गया. दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है.

उधर, बाणगंगा क्षेत्र में करंट लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई. 60 वर्षीय सुरेश घर की तीसरी मंजिल की छत पर सफाई कर रहे थे, तभी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए. परिजन उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. सभी मामलों में पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है.

### नशे के लिए रुपए नहीं देने पर युवक की पिटाई

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में नशे के लिए रुपए मांगने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने पति-पत्नी के साथ बदसलूकी कर युवक की पिटाई कर दी. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. रिंकी सोलंकी ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि वह अपने पति महेंद्र सोलंकी के साथ दवाइयां लेने घर से निकली थी. रास्ते में दोनों एक दुकान पर जूस पैक करवाने के लिए रुके थे, तभी वहां छोटू उर्फ सागर परदेशी पहुंच गया. उसने महेंद्र से शराब के लिए रुपए मांगना शुरू कर दिया. महेंद्र द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी. घटना के दौरान उसने धमकी भी दी कि आगे से रुपए नहीं दिए तो जान से खत्म कर देगा. पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## टैंकर हादसे के बाद शुरू हुआ मरम्मत कार्य

- दुकानदार बोले... जान बची, यही बड़ी बात
- पटेल ब्रिज पर अनियंत्रित टैंकर से हुआ था नुकसान



नव भारत न्यूज

**इंदौर. जवाहर मार्ग स्थित पटेल ब्रिज पर गुरुवार को हुए टैंकर हादसे के अगले दिन शुक्रवार को ब्रिज की मरम्मत शुरू कर दी गई. वहीं हादसे में दुकानों को नुकसान जरूर हुआ, लेकिन किसी की जान नहीं गई, इसे लेकर व्यापारी राहत महसूस कर रहे हैं.**

ज्ञात हो कि नगर निगम का पानी का टैंकर गुरुवार को सियागंज की ओर ढलान पर अनियंत्रित हो गया था. टैंकर ने ब्रिज पर खड़े कई वाहनों को टक्कर मारी और फिर चालक ने उसे फुटपाथ की ओर मोड़ दिया. इस दौरान टैंकर फुटपाथ पर चढ़ गया और ब्रिज की रैलिंग तोड़ते हुए रुक गया. घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया था. हादसे में जहां पुल की रैलिंग को नुकसान हुआ, वहीं पुल के नीचे बनी दुकानों के बोर्ड, शटर और दरवाजों को भी नुकसान पहुंचा. हालांकि दुकानदारों का कहना है कि नुकसान से ज्यादा राहत इस बात की है कि बड़ा हादसा टल गया. यदि टैंकर रैलिंग तोड़कर नीचे गिर जाता तो कई लोगों की जान जा सकती थी. शुक्रवार को नव भारत की टीम ने घटना स्थल का दौरा कया तो पाया कि पुल की टूटी हुई रैलिंग को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है, वहीं कुछ दुकानदारों ने भी मजदूर बुलाकर अपनी टूटी दुकानों के मरम्मत का काम शुरू कर दिया, यहां क्षतिग्रस्त हिस्सों को ठीक किया जा रहा है.

### एक नजर में

### महूगांव में 20 दिन से सीवर का पानी फैल रहा सड़क पर



**महू.** नगर की सुपर सिटी की पी-क्यू लाइन में पिछले 15-20 दिनों से सीवर चैंबर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. इस कारण क्षेत्र में गंदगी फैल गई है और रहवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है. निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है. रहवासियों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने नगर परिषद और क्षेत्रीय पार्षद को इस समस्या से कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. सड़कों पर जमा गंदे पानी से बदबू फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. लोगों का आरोप है कि नगर परिषद के सफाईकर्मी भी नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं. इस कारण कॉलोनी के लोगों को निजी खर्च पर सफाई करवानी पड़ रही है, लेकिन गंदे पानी की समस्या बनी हुई है. बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो सकती है. रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि चैंबर की मरम्मत कर समस्या का स्थायी समाधान जल्द नहीं किया गया, तो वे प्रदर्शन करेंगे.

### भागवत कथा : राधे-राधे भजन पर श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**महू.** सिमरोल में उकाले वाले परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा वाचक आचार्य कृष्णा गोविंद शर्मा ने सभी भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपान कराया. कथा के दौरान राधे कृष्ण गोविंद गोपाल, राधे राधे भजन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे. महाराज श्री ने कहा कि सच्चा धनवान वही है, जो तन, मन और धन से सेवा-भक्ति करे. परमात्मा की प्राप्ति केवल सच्चे प्रेम और भक्ति से ही संभव है. पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि राक्षसी पूतना ने बालकृष्ण को उठाकर स्तनपान कराना चाहा, लेकिन श्रीकृष्ण ने दुग्धपान करते-करते ही उसका वध कर उद्धार किया. इसके बाद माता यशोदा ने भगवान को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर पंचगव्य- गाय के गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से स्नान कराया. महाराज श्री ने आह्वान किया कि सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री मंत्र का जाप और श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए. गाय की सेवा से 33 कोटि देवी-देवताओं की सेवा का पुण्य प्राप्त होता है. उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म और भगवान से दूर हो रही है. यदि अपने धर्म को जानना है तो गीता, भागवत और रामायण का अध्ययन करें. इससे न केवल आप, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी बनेगी. प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है. वही 14 जून को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ कथा का समापन होगा.

### सरकारी भूमि पर कब्जा : ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**महू.** तहसील के ग्राम मलेड़ी के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर कथित कब्जों के मामले में तहसीलदार को आवेदन सौंपकर सभी कब्जाधारियों के खिलाफ समान एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है. आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि वे कई वर्षों से उक्त भूमि पर निवासरत हैं तथा गांव में लगभग 40 से 50 अन्य लोगों द्वारा भी शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है. इसके बावजूद उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार पटवारी को इस संबंध में अवगत कराया, लेकिन कब्जाधारियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया. ग्रामीणों ने आवेदन में आरोप लगाया है कि वर्तमान सरपंच रोकेश वर्मा एवं पूर्व सरपंच तुलसीराम बनारसी द्वारा केवल कुछ लोगों को ही परेशान किया जा रहा है, जबकि अन्य कब्जाधारियों को नजरअंदाज किया जा रहा है. उन्होंने इसे पक्षपातपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण कार्रवाई बताया है. आवेदन के साथ ग्रामीणों ने 40 कथित कब्जाधारियों की सूची भी संलग्न की है और मांग की है कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले इन सभी लोगों के खिलाफ नियमों के तहत एक समान कार्रवाई की जाए. फिलहाल मामले में राजस्व विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त कर जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की जानकारी सामने आई है.

## बैंक अधिकारी के सूने घर से लाखों के जेवर ले उड़े बदमाश

- ओंकारेश्वर दर्शन करने गया था परिवार
- शाम को लौटे तो हुआ वारदात का खुलासा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. ग्रेटर बृजेश्वरी क्षेत्र में बैंक अधिकारी के सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए. परिवार ओंकारेश्वर दर्शन के लिए गया था, इसी दौरान बदमाशों ने ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया.**

एचडीएफसी बैंक माउंट आबू में पदस्थ विनोद शर्मा अपने परिवार के साथ सुबह ओंकारेश्वर गए थे. दिनभर मकान सूना था. चोरों ने मौका देखकर घर का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए. उन्होंने अलमारी खंगालकर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए. शाम को जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. बताया जा रहा है कि मकान में उनके माता-पिता रहते हैं, जबकि विनोद शर्मा दो दिन पहले ही यहां आए थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है. इलाके में सक्रिय चोर गिरोह की तलाश की जा रही है.

### चंदन नगर में भी सूने घर में सेंध

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. बदमाश घर का कुंदा खोलकर अंदर घुसे और नकदी सहित सामान चोरी कर ले गए. हरिसिंह कुशवाह निवासी चांदमारी का भट्टा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार 9 तारीख को अज्ञात बदमाश उनके सूने घर में घुस गए. चोरों ने अंदर रखी नकदी और कीमती सामान समेट लिया और फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की तलाश की जा रही है.

## कलेक्शन एजेंट से 30 लाख की लूट में फर्म का अंदरूनी एंगल

- दो पूर्व कर्मचारियों से की जा रही पूछताछ
- पंढरीनाथ क्षेत्र में पुलिस बनकर की थी वारदात
- सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबर हाथ लगे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में कलेक्शन एजेंट से 30 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है. वारदात में अब अंदरूनी एंगल सामने आने लगा है. पुलिस ने व्यापारी के दो पुराने कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.**

### पुलिस को फरियादी की भूमिका पर भी संदेह

जांच के दौरान पुलिस ने व्यापारी के एक ऐसे कर्मचारी को पकड़ा है, जिसने करीब एक माह पहले नौकरी छोड़ी थी, जबकि दूसरा कर्मचारी घटना के समय छुट्टी पर था. दोनों से अलग-अलग एंगल पर पूछताछ की जा रही है. व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात को लेकर पुलिस को फरियादी की भूमिका पर भी संदेह है. इसी के चलते उसकी कॉल डिटेल निकालकर संपर्क में आए नंबरों की भी जांच की जा रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा.

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना में बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर कलेक्शन एजेंट को रोका और उसकी एक्टिवा से नकदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे. मामले में लूट का केस दर्ज कर कई टीमें जांच में लगाई गई हैं. मामले में पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मिल गए हैं, जिनमें आरोपियों की गतिविधियां नजर आई हैं. साथ ही बदमाशों के वाहन का नंबर भी ट्रेस किया गया है. इन सुरागों के आधार पर टीम लगातार दबिश दे रही है.

## 17 जून को किसानों का 'काम रोको' आंदोलन

- रेलवे लाइन से प्रभावित किसान उतरेंगे सड़क पर




**इंदौर. इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने 17 जून को बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया है. सांवेर तहसील के ग्राम कदवाली खुर्द स्थित प्रस्तावित रेलवे स्टेशन पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा और रेलवे का काम रोको आंदोलन भी किया जाएगा.**

इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन संघर्ष समिति के हंसराज मंडलोई ने बताया कि इंदौर से बुधनी तक के प्रभावित किसान आंदोलन में शामिल होंगे. किसानों की मुख्य मांग है कि उन्हें बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए और रेलवे लाइन के दोनों ओर खेतों तक पहुंच के लिए डामरीकृत सड़क बनाई जाए. किसानों का आरोप है कि रेलवे का ठेकेदार काम के दौरान मनमानी कर रहा है. प्रभावित किसान जितेंद्र पटेल के अनुसार ठेकेदार द्वारा तालाबों में अवैध खुदाई कर दी गई है, जिससे गांव के लोगों और बच्चों के लिए खतरा पैदा हो गया है. साथ ही खेतों में मिट्टी डालने से बारिश में फसलें डूबने का खतरा बढ़ गया है और किसानों के रास्ते भी बंद हो गए हैं. किसानों ने मांग की है कि खेतों से डाली गई मिट्टी हटाई जाए, पारंपरिक रास्तों पर पुलियाएं बनाई जाएं और पाइपलाइन शिफ्टिंग का खर्च रेलवे विभाग उठाए. इन मांगों को लेकर किसान 17 जून को एकजुट होकर विरोध दर्ज कराएंगे. वरिष्ठ किसान नेताओं ने अधिक से अधिक किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है.

### गाड़ी मालिक से ड्रायवर ने की मारपीट

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में हाजिरी के विवाद को लेकर ड्रायवर द्वारा गाड़ी मालिक के साथ मारपीट कर चाकू से धमकाने का मामला सामने आया है. आरोपी ने घर पहुंचकर न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि चाकू से खिड़कियों पर वार कर तोड़फोड़ भी की. कल्याण संपत बिहार निवासी सचिन राठौर ने पुलिस को बताया कि उसका ड्रायवर उज्जवल प्रसाद निवासी कालिंदी कुंज घर आया और एक हाजिरी का पैसा मांगने लगा. सचिन ने उसे पूरा हिसाब होने की बात कही तो वह भड़क गया, आरोपी ने गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी. जान बचाने के लिए सचिन घर के अंदर चला गया, लेकिन आरोपी यहीं नहीं रुका. उसने चाकू निकालकर धमकाया और घर की खिड़कियों पर कई वार कर तोड़फोड़ की और नुकसान पहुंचाया. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## आम तोड़ने निकला बच्चा लापता शहर में और भी नाबालिग गायब

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों से बच्चों के गायब होने की घटनाएं आईं सामने

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में नाबालिग बच्चों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. अलग-अलग इलाकों से कई बच्चे और किशोरियां अचानक गायब हो गई हैं, जिससे परिजनों में चिंता बढ़ गई है.

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के खातीवाला टैंक इलाके में रहने वाला एक नाबालिग आम तोड़ने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा. चंदन नगर थाना क्षेत्र में नंदन नगर निवासी एक परिवार का नाबालिग बेटा भी संदिग्ध हालात में लापता हो गया. वहीं धार रोड बियाबानी इलाके से भी एक नाबालिग के गायब होने की सूचना है. उधर, पंढरीनाथ क्षेत्र में गौतमपुरा की रहने वाली एक नाबालिग लड़की काम पर जाने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी.

इसी तरह राजाबाग क्षेत्र की एक किशोरी भी काम पर गई और लापता हो गई. परिजनों को आशंका है कि उसे कोई बहला-फुसलाकर ले गया है. महेश यादव नगर और राधिका पैलेस तुलसी नगर से भी नाबालिग बेटियों के गायब होने के मामले सामने आए हैं. इन घटनाओं में परिजनों ने संबंधित थानों में गुमशुदगी दर्ज कराई है. पुलिस सभी मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुटी है.



## उफ्फ यह गर्मी! कड़ी धूप में घर से निकलना भी मुश्किल

**महू.** इन दिनों गर्मी चरम पर है. नौतपा गलने के बाद भी गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है. शहर में दिन में जहां कड़ाके की धूप पड़ रही है तो वही शाम को उमस के कारण लोग परेशान है. शुक्रवार को गर्मी का काफी असर देखने को मिला. कॉलेज से आ रही युवतियां अपने माथे पर दुपट्टा डालकर गर्मी से बचने का प्रयास करते हुए नजर आई. हमारे फोटोग्राफर पवन बड़ोनिया ने यह चित्र अपने कमरे में कैद किया.

### एक नजर में | नई दिल्ली-इंदौर एक्सप्रेस में छूट गया था, जीआरपी ने सर्च कर किया बरामद

## जीआरपी ने ट्रेन में छूटा 30 हजार का आईपैड यात्री को सुरक्षित लौटाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जीआरपी की तत्परता से ट्रेन में छूटा करीब 30 हजार रुपए का एप्पल आईपैड खोजकर यात्री को सुरक्षित लौटा दिया. कार्रवाई के बाद यात्री ने जीआरपी की टीम का आभार जताया.**

जानकारी के अनुसार, हरियाणा निवासी डॉ. सुनील नई दिल्ली-इंदौर एक्सप्रेस (20958) के कोच बी/5, बर्थ नंबर 51 पर सफर कर रहे थे. यात्रा के दौरान वे अपना एप्पल कंपनी का आईपैड ट्रेन में ही भूलकर उतर गए. कुछ समय बाद ध्यान आने पर उन्होंने तत्काल जीआरपी थाना इंदौर में सूचना दी. सूचना मिलते ही जीआरपी टीम ने बिना देर किए संबंधित कोच में सघन तलाशी अभियान चलाया. पुलिसकर्मियों की सतर्कता के चलते आईपैड सुरक्षित हालत में बरामद कर लिया गया. इसके बाद आवेदक को सूचना देकर थाने बुलाया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आईपैड उन्हें सौंप दिया. अपना कीमती सामान वापस मिलने पर डॉ. सुनील ने जीआरपी इंदौर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया. इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राजीव त्रिपाठी एवं आरक्षक आकाश यादव की अहम भूमिका रही.

